कार्यालय कलेक्टर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश

क्रमांक:ग.अ./03/2004-05/अ-20[illegible]3 ग्वालियर, दिनांक 18 जनवरी 05

:: आदेश ::

जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग ग्वालियर ने ज्ञापन क्रमांक आ.ज.क./निर्माण/0405/2479/दिनांक 31.12.04 द्वारा अनुसूचित जाति के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के लिये संभागीय मुख्यालयों में विद्यालय की स्थापना हेतु ग्राम बेहरा की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 851 क्षेत्रफल 3.084 हेक्टर में से 1.770 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 856 क्षेत्रफल 2.957 हेक्टर कुल क्षेत्रफल 4.727 हेक्टर भूमि हस्तान्तरित करने की मांग की गई है।

म.प्र.शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा प्रसारित परिपत्र क्रमांक एफ 6/52/सात मजूल/99 दिनांक 27.1.04 द्वारा प्रत्यायोजित अधिकार को उपयोग में लाते हुये यह भूमि आदिम जाति कल्याण विभाग को अनुसूचित जाति के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के उक्त प्रयोजन हेतु जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग ग्वालियर को अग्रिम अधिपत्य तत्काल प्रभाव से सौंपा जाता है।

कलेक्टर
जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश

ग्वालियर, दिनांक 18 जनवरी 05

पृष्ठां क्रमांक :मग. 03/0405/म20[illegible]3 503 (मिल 47/52)

प्रतिलिपि :

1 प्रमुख सचिव म.प्र.शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल।

2 आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र.भोपाल।

3 आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

4 जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आप सहायक भूमापन अधिकारी मजूल ग्वालियर से शीघ्र सम्पर्क स्थापित कर हस्तान्तरित भूमि का कब्जा प्राप्त करें।

5 सहायक भूमापन अधिकारी मजूल ग्वालियर की ओर भेजकर लेख है कि आप उपरोक्त भूमि का शीघ्र कब्जा सौंप कर कब्जा रसीद एवं पंचनामा संयोजित सत्तर प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें।

कलेक्टर
जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश